प्रेस विज्ञप्ति
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

संख्या–cm-484
04/11/2018

मुख्यमंत्री ने धनतेरस की बधाई एवं शुभकामनायें दी

पटना, 04 नवम्बर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने प्रदेश एवं देशवासियों को धनतेरस की बधाई एवं शुभकामनायें दी।

मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि प्रदेश एवं देशवासियों पर महालक्ष्मी की कृपा बनी रहे। प्रदेश में सुख, शांति एवं समृद्धि आये। प्रदेशवासी पारस्परिक प्रेम, आपसी भाईचारा, साम्प्रदायिक सौहार्द्र एवं शांतिपूर्ण ढ़ंग से धनतेरस पर्व को मनायें। बिहार प्रगति के शिखर पर पहुँचे।

******